पत्र पंजी
2018
9628
संख्या
बिहार, पटना

31 AUG 2018
प्राप्ति तिथि
बिहार, पटना

**कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल, उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक–29.08.2018 को नगर परिषद, बीहट में क्षेत्र भ्रमण/स्थल निरीक्षण एवं समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणी :–**

दिनांक–29.08.2018 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश सं0–[illegible]25/दिनांक–17.07.2018 के आलोक में नगर परिषद बीहट, जिला–बेगूसराय में समीक्षात्मक बैठक की गयी एवं स्थल निरीक्षण भी किया गया। समीक्षात्मक बैठक एवं स्थल निरीक्षण में कार्यपालक पदाधिकारी, एवं संबंधित पदाधिकारी कई वार्ड सदस्यगण उपस्थित हुए।

1. **हर घर नल जल निश्चय योजना :–**

नगर परिषद, बीहट क्षेत्रान्तर्गत जलापूर्ति योजना नगर परिषद द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत् कुल 30 वार्डों में से 11 वार्डों में कुल 11 योजनाओं का टेंडर किया गया है, जिसमें कुल 09 योजनाओं का कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है और कुल 09 कार्य आवंटित योजनाओं में से 08 योजनाओं का कार्य प्रगति में है, शेष एक योजना में जमीनी विवाद के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रारंभ किये गए 08 योजनाओं में से कुल 07 योजनाओं यथा– वार्ड संख्या 06, 09, 10, 11, 22, 25 व 30 का कार्य अंतिम चरण में है। वार्ड सं0–05, 06, 09, 10, 11, 14, 22, 25 व 30 में लगभग 2100 परिवारों को House to House Connection उपलब्ध कराया जा चुका है। कुल 04 वार्डों में बिजली कनेक्शन हेतु कार्रवाई की गयी है। वार्ड संख्या–01 में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है और पाईपिंग का कार्य प्रगति पर है। वार्ड सं0–28 में कुल 1500 हाउसहोल्ड हेतु 01 योजना एकरारनामा की प्रक्रिया में है। इसके साथ ही 01 योजना का पुनर्निविदा किया जाना है, तीन बार निविदा की प्रक्रिया अपनायी गयी है, परन्तु किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लेने के कारण पुनर्निविदा की प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। सभी क्रियान्वित योजनाओं से नगर परिषद, बीहट में कुल 3750 परिवार लाभान्वित होंगे।

उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति देखने हेतु स्थल निरीक्षण वार्ड सं0–06, 09, 10, 11 व 30 में किया गया। पाया गया कि इन सभी वार्डों में बोरिंग व पाईपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और House to House Connection का कार्य किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण में है। क्षेत्र भ्रमण में निदेश दिया गया कि जल्द से जल्द सभी कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारंभ किया जाय।

2. **नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना :–**

नगर परिषद, बीहट में कुल 57 योजनाओं की निविदा निकाली जा चुकी है, जिसमें 22 योजनाओं का कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है एवं 07 एकरारनामा की प्रक्रिया में है। कुल 22 योजनाओं का कार्य पूर्ण भी हो चुका है। 04 योजनाओं का पुनर्निविदा किया जाना है। टेंडर प्रक्रिया निष्पादन हेतु 02 योजना जिला शहरी विकास अभिकरण, बेगसूराय व 02 योजना बिहार शहरी विकास अभिकरण, पटना के कार्यालय में लंबित है। कुल 20 योजनाओं की निविदा की प्रक्रिया की जा चुकी है, जिसके निविदा खोलने की तिथि के पश्चात् सभी डाउनलोडेड

कागजात निविदा निष्पादन हेतु कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, बेगूसराय के कार्यालय को दिनांक–27.08.2018 को प्रेषित किया जा चुका है। अबतक कुल 30 पूर्ण योजनाओं से 1600 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। वार्ड–30 के सड़क व नाली निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया जो रिफाईनरी रोड से रिफाईनरी रोड तक अवशेष भाग व आगे मो0 अख्तर के घर तक सड़क व नाला निर्माण का कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि मो0 814400/– व एकरारनामा की राशि मो0 797472/– थी। स्थल निरीक्षण में सड़क की ढ़लाई प्रथम द्रष्टया ठीक थी परन्तु नाले के बहाव को एक बार सफाई आदि कराकर जाँच कर लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लायी जाय व अधिक से अधिक परिवारों को इस वित्तीय वर्ष में लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाय।

3. <u>स्वच्छ भारत मिशन :–</u>

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद, बीहट को ODF कार्यालय के पत्रांक–647 दिनांक–13.08.2018 द्वारा घोषित कर सूचना प्रकाशित किया जा चुका है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए विभिन्न प्रपत्रों में मुख्य पार्षद, वार्ड पार्षद, विद्यालयों व स्वयं सहायता समुंहों से घोषणा पत्र प्राप्त किया जा चुका है। कुछ लाभार्थियों द्वारा कार्य IHHL के तहत् प्राप्त शौचालय का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है जिसे अविलम्ब कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया जा चुका है। कुछ लाभुकों का द्वितीय किस्त की राशि नहीं भेजी जा सकी है जो कि प्रक्रियाधीन है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद, बीहट का सिटी प्रोफाईल तैयार का विभाग में जमा किया जा चुका है व विभागीय पत्रांक–2101 दिनांक–24.08.2018 द्वारा इस नगर निकाय में QCI टीम से Third Party Inspection के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुरोध भी किया जा चुका है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी लाभुकों को कैम्प का आयोजन कर नियमानुसार राशि का भुगतान अविलम्ब करना सुनिश्चित करें व शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण करायें।

डोर टू डोर कचड़ा प्रबंधन हेतु योजना नगर परिषद, बीहट द्वारा बनाई गयी है। सभी 30 वार्डों में डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण का कार्य आउटसोर्सिंग ऐजेंसी के द्वारा कराया जा रहा है। डम्पिंग जोन चिन्हित करने की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। सभी 30 वार्डों हेतु डम्पिंग जोन चिन्हित कर अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

4. <u>सबके लिए आवास योजना :–</u>

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इस योजना के अन्तर्गत PHASE I में 375 के विरूद्ध 127 व PHASE II में 1172 के विरूद्ध शुन्य को तृतीय किस्त दिया गया है। PHASE I में कुल 28 आवास का प्रत्यर्पण किया जा चुका है। भ्रमण के दौरान वार्ड 30 के लाभुक गुलशन खातुन पति–मो0 मुस्लिम हासमी, रौशन खातुन पति–मो0 सत्तार आलम व आमना खातुन पति–मो0 अबु नईम के आवास निर्माण को देखा गया। इनके द्वारा आवास निर्माण में छत ढ़लाई का कार्य कर दिया गया। लाभुक को निदेशित किया गया कि अविलम्ब आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाय। स्थल निरिक्षण के दौरान पाया गया कि PHASE I में तृतीय किस्त भुगतान किये जा चुके अधिकांशतः लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण में राशि प्राप्त कर प्लास्टर, रंगाई, खिड़की व बिजली का कार्य अबतक पूर्ण नहीं किया गया है। लाभुकों को अविलम्ब कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित करने का आदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया।

स्थिति निम्न प्रकार है :–

| PHASE | Sanctioned | MIS Entry | 1st Installment | 2nd Installment | 3rd Installment |
|---|---|---|---|---|---|
| PHASE I | 375 | 375 | 291 | 255 | 127 |
| PHASE II | 1172 | 1104 | 0 | 0 | 0 |

सबके लिए आवास योजना में PHASE I के आवास निर्माण को अविलम्ब समाप्त करने का निदेश दिया गया इसके साथ ही PHASE II में अपेक्षित सुधार का निदेश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि PLAN OF ACTION (POA) और AIP विभाग को भेज दिया गया है व PHASE II में चयनित लाभुकों के बीच कार्यादेश वितरण करने हेतु दिनांक–01.09.2018 (शनिवार) को कैम्प का आयोजन किया जाना है। कार्यपालक पदाधिकारी के पत्रांक–719 दिनांक–28.08.2018 द्वारा सभी विकास मित्रों को PHASE III में योग्य लाभुकों के चयन हेतु आवेदन प्राप्त कर जॉचोपरान्त सूचीवद्ध करने का निदेश दिया गया है, जिसके उपरान्त विभाग को प्रेशित कर दिया जायेगा। इसमें अपेक्षित लंबित सभी कार्रवाई को पूर्ण कर लिये जाने का निदेश अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया।

5. <u>राज्य योजना :–</u>

- राज्य योजना में नगर परिषद, बीहट में कोई राशि अवशेष नही है।
- राज्य योजना अन्तर्गत कोई भी योजना नगर परिषद, बीहट में वर्त्तमान में संचालित नहीं है।
- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बीहट द्वारा बताया गया कि राज्य योजनान्तर्गत पथ एवं पुलिया निर्माण से संबंधित वार्ड सं0–28 में रिफाईनरी रोड से बजरंगबली मंदिर से स्व0 अनुग्रह सिंह घर तक पी0 सी0 सी0 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि मो0 1,54,38,500/– रू0 के प्राक्कलन की तकनीकि स्वीकृति अधीक्षण अभियंता, बुडा, पटना से प्राप्त हो चुकी है। उक्त योजना के प्राक्कलन में लिपीकीय भूलवश नगर निगम बेगूसराय लिखे जाने के कारण शुद्धि हेतु कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया था, जिसमें शुद्धि कर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बीहट के पत्रांक–232 दिनांक–27.02.2018 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराते हुए पत्रांक–506 दिनांक–07.07.2018 द्वारा आवंटन की मांग की गयी है।
- राज्य योजनान्तर्गत नगर परिषद, बीहट के वार्ड सं0–10 अवस्थित विरखा पोखर के सौन्दर्यीकरण के कार्य हेतु निदेशक, मतस्य, बिहार, पटना से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति माननीय उपमुख्य पार्षद द्वारा दिखायी गयी और बताया गया कि इस कार्य हेतु मो0 1,18,19,400/– का प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता, बुडा, पटना से तकनीकि स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु विभाग से आवंटन की मांग की गयी है।
- प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा प्रथम किस्त की राशि मो0 9823000/– रू0 आवंटित की जा चुकी है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु अंचलाधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है व अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

6. <u>सम्राट अशोक भवन :–</u>

इस योजना हेतु कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जगह चिन्हित कर लिया गया है। निदेश दिया गया कि भूमि की सम्पूर्ण विवरणी के साथ शीघ्र विभाग को प्रतिवेदन दिया जाय, ताकि आवंटन संबंधित मद में उपलब्ध कराया जा सके।

7. <u>DAY-NULM योजना :–</u>

नगर परिषद, बीहट में DAY NULM के तहत् कुल 55 स्वयं सहायता समुह का गठन किया गया, जिसमें 10 समुहों को चक्रचालित राशि का भुगतान किया जा चुका है। कुल 10 समुहों को चक्रचालित राशि प्रदान करने की प्रक्रिया की जा रही है। स्व रोजगार योजना (व्यक्तिगत) के तहत् कुल 21 लाभुक को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कुल 40 लाभुकों को जागरूक किया गया है, जो कि प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहमत हैं। Community Resource Person के रूप में 04 अभ्यर्थियों यथा–पुनम कुमारी पति–बबलू पासवान, अन्नु देवी पति–कौशल किशोर पासवान, मीरा देवी पति–शंभू महतो व संजू कुमार पति– रामाधार पासवान का चयन किया जा चुका है व Community Organiser के चयन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन कर इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त कर लिया गया है व उसके चयन हेतु प्रक्रिया की जा रही है। निदेश दिया गया कि विभागीय निदेश के आलोक में गठित स्वयं सहायता समुहों को उपलब्ध राशि के आधार पर भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई करें व Community Organiser का चयन कर विभागीय दिशा–निर्देश के आलोक में योजना में गति लाना सुनिश्चित करें। नगर परिषद, बीहट में पदस्थापित सिटी मिशन मैनेजर श्री भवेश चन्द्र प्रकाश से Vending Zone एवं Street Venders के बारे में जानकारी ली गयी। श्री भवेश द्वारा बताया गया कि नगर परिषद, बीहट अन्तर्गत 03 Vending Zone यथा–बीहट बाजार, बारो बाजार व गढ़हारा बाजार को चिन्हित किया गया है। Street Vender के सर्वे का कार्य कार्यालय स्तर से पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें कुल 230 भेंडरों की सूची तैयार की जा चुकी है। विभागीय निदेशानुसार चिन्हित भेंडरों को पहचान पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। पहचान पत्र उपलब्ध कराने का कार्य विभाग द्वारा चयनित ऐजेंसी के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित है। निदेश दिया गया कि विभाग से निदेश प्राप्ति उपरान्त अविलम्ब पहचान पत्र वितरण संबंधी कार्य पूर्ण कर लेंगे।

8. <u>होल्डिंग कर :–</u>

नगर परिषद, बीहट में कुल होल्डिंग की संख्या 8998 है, जबकि वार्ड की संख्या 30 है। नगर परिषद, बीहट में वित्तीय वर्श 2018–19 में कुल डिमांड 5031205/– रू0 है, जिसके विपरीत कुल 559216/– राशि की वसूली अबतक इस वित्तीय वर्ष में की गयी है। अब तक वसूली मात्र 11.11 प्रतिशत है, जो चालू वित्तीय वर्श के वसूली लक्ष्य से बहुत कम है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि होल्डिंग कर की वसूली में प्रगति लायें

9. <u>प्रकाश व्यवस्था :–</u>

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि EESL द्वारा नगर परिषद, बीहट में सभी 30 वार्डों हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु अबतक लाईट अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया है। विभागीय निदेश के आलोक में मरम्मति का कार्य स्थगित होने के कारण ज्यादातर लाईटों के बंद हो जाने की वजह से प्रकाश की समस्या उत्पन्न

हो गयी है। उपस्थित मुख्य पार्षद द्वारा अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द इस कार्य को प्रारंभ कराया जाना आवश्यक है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया है कि संबंधित ऐजेंसी को दशहरा से पूर्व लाईट अधिष्ठापन हेतु निदेशित किया जा चुका है।

10. **अनुसूचित जाति टोले का भ्रमण :–**

कार्यपालक पदाधिकारी एवं स्थानीय वार्ड पार्षद के साथ वार्ड–11 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में लाभुकों से आवास निर्माण व शौचालय निर्माण के संबंध में जानकारी ली गयी। वार्ड–11 के लाभुक श्रीमती जुली कुमारी पति– सिकन्दर पासवान व श्रीमती बिन्दु देवी पति–पंकज पासवान के द्वारा बताया गया कि आवास निर्माण छत ढ़लाई करने के पश्चात् तीसरा किस्त नहीं मिल पाया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इन्हें तीसरे किस्त का भुगतान किया गया था, परन्तु तकनीकि कारणों से राशि वापस हो जाने के कारण इन्हें नहीं मिल सका। पुनः राशि भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। दोनों वार्डों में कई लाभुकों द्वारा बताया गया कि शौचालय निर्माण के बाद भी इन्हें राशि नहीं मिली है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि छतदार निर्माण नहीं करने के कारण राशि नहीं भेजी गयी और लाभुकों को छतदार व DOUBLE PIT शौचालय निर्माण करने को कहा गया है, जिसके उपरान्त राशि भेज दी जायेगी। निदेश दिया गया कि नियमानुसार राशि भुगतान हेतु अविलम्ब कार्रवाई किया जाय।

ह० 31/8/18
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–2173/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–31/8/18
प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

ह० 31/8/18
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–2173/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–31/8/18
प्रतिलिपिः–नोडल पदाधिकारी हर घर नल जल निश्चय योजना/नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन/नोडल पदाधिकारी सबके लिए आवास योजना/नोडल पदाधिकारी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना/निदेशक, नगरपालिका प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 31/8/18
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–2173/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–31/8/18
प्रतिलिपिः– कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बीहट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 31/8/18
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।